Walk-In-Interview

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़
एल.आई.सी. बिल्डिंग, जीवन बीमा रोड, पंडरी रायपुर
ई–मेल nrhmrecruitment12@gmail.com, दूरभाष नंबर 0771–4079201

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ रायपुर के अंतर्गत स्वीकृत पदों की संविदा आधार पर नियुक्ति WALK-IN-INTERVIEW के माध्यम से किया जाना है :–

क्र	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	शैक्षणिक योग्यता
1	चिकित्सा अधिकारी	61	26	09	07	19	एम.बी.बी.एस. उत्तीर्ण

उक्त संविदा नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी का Walk-In-Interview दिनांक 29.07.2013 को प्रातः 10.00 राज्य कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, एल.आई.सी. बिल्डिंग (पांचवी मंजिल), जीवन बीमा रोड, पंडरी रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई है। अतः अहर्ताधारी अभ्यर्थी मूल तथा मूल दस्तावेजो की सत्यापित छायाप्रति के साथ निर्धारित दिनांक व स्थान पर उपस्थित होवें। प्रातः 10.00 बजे से प्रातः 12.00 बजे तक उक्त पदों हेतु पंजीयन किया जावेगा।

<u>भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश</u> –

1. **संविदा मानदेय** :– उक्त पदों हेतु प्रतिमाह रूपये **60000 तक** (अक्षरी–साठ हजार Negotiable) एकमुश्त देय होगा, इसके अतिरिक्त सीआरएमसी योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि देय होगा । जो निम्नानुसार है :–

क्रमांक	कठिन क्षेत्र	कठिनतम क्षेत्र	पहुंचविहीन क्षेत्र
1	20000/– प्रतिमाह	25000/– प्रतिमाह	30000/– प्रतिमाह

2. **आयु सीमा** :– 1 जनवरी 2013 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। यह नियुक्ति राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन संविदा भर्ती 2012 के आदेश क्रमांक/एनआरएचएम/(एनएस–907)/3049 रायपुर दिनांक 27.02.2013 के तहत होगी।
3. यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2014 तक के लिए की जावेगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि मे वृद्धि की जा सकेगी ।
4. मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया (MCI) **<u>अथवा</u>** राज्य मेडिकल कॉउंसिल में पंजीयन अनिवार्य होगा।
5. छ0ग0 शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चयन होने के

उपरांत एक माह के भीतर उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जति सत्यापन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

6. चयनित किये गये कर्मचारी/अधिकारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में एक माह का अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवाएें समाप्त की जा सकेगी। तथा कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वंय सेवा समाप्त कर सकता है।

7. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल पर सेवायें देना अनिवार्य होगा।

8. विज्ञापन में विज्ञापित पद के लिये निर्धारित आर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगे ।

9. उक्त पद (संविदा) के लिये प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष या नवीन भर्ती होने तक की रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदो को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जायेगा।

10. चयन प्रक्रिया एवं चयन संबंधी निर्णय मिशन संचालक द्वारा किया जावेगा। जिसका निर्णय अंतिम होगा।

11. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार मिशन संचालक को होगा जो सभी आवेदकों पर मान्य करने के लिए बंधनकारी होगा।

23/07/13

मिशन संचालक
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
रायपुर (छ.ग.)